धारणीय विकास के प्रति छात्रों में जागरूकता सेमिनार का आयोजन

शुभंकर प्रकृति के अंतर्गत भा.वा.अ.शि.प.–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र एवं पी.एम.श्री. केन्द्रीय विद्यालय, ए.एफ.एस. मनौरी, प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 03.11.2023 को केन्द्रीय विद्यालय मनौरी में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य धारणीय विकास के प्रति छात्रों को जागरूक करना था। जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें भा.वा.अ.शि.प.–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र ने मुख्य भूमिका निभायी। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की उप–प्रधानाचार्य सुश्री कल्पना द्वारा केन्द्र की वक्ताओं का स्वागत किया गया साथ ही छात्रों से परिचय भी कराया गया। केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनीता तोमर एवं डॉ अनुभा श्रीवास्तव द्वारा छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में केन्द्र की अनुसंधान अध्येताओं–महुआ पॉल एवं स्वाति प्रिया द्वारा छात्रों से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें विजेताओं को प्रमाण–पत्र दिया गया। संगोष्ठी का सफल आयोजन विद्यालय के समन्वयक प्रेमशंकर राय के नेतृत्व में किया गया।

What is calling for our attention?

पीएम श्री
केन्द्रीय विद्यालय ए.एफ.एस.
मनौरी, प्रयागराज
PM SHRI
KENDRIYA VIDYALAYA A.F.S
MANAURI PRAYAGRAJ
WELCOMES YOU

पीएम श्री
केन्द्रीय विद्यालय ए.एफ.एस.
मनौरी, प्रयागराज
PM SHRI
KENDRIYA VIDYALAYA A.F.S
MANAURI PRAYAGRAJ
WELCOMES YOU

USE ME

भा.वा.अ.शि.प.- पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज
USE ME

पीएम श्री
केन्द्रीय विद्यालय ए.एफ.एस.
मनौरी, प्रयागराज
PM SHRI
KENDRIYA VIDYALAYA A.F.S
MANAURI PRAYAGRAJ

KENDRIYA VIDYALAYA A F S MANAURI
पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय ए.एफ.एस.
मनौरी
स्वागतम्